# ग्राम पंचायत धार कंदरु, विकास खण्ड ठियोग, जिला शिमला
# के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
# अवधि 1/4/2013 से 31/3/2016

## 1 प्रस्तावना

**(क)** 11वें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि. प्र., को सोंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत धार कंदरु, विकास खण्ड ठियोग , जिला शिमला के अवधि 4/2013 से 3/2016 के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य , स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम में निम्नलिखित प्रधान/सचिव कार्यरत थे:-**

**प्रधान**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमति मीरा शर्मा | 01.04.2013 से 22.01.2016 |
| 2 | श्री योग राज शर्मा | 23.01.2016 से लगातार |

**सचिव**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री लोकेन्द्र | 01.04.2013 से 09/2014 |
| 2 | श्री दलीप शर्मा | 09/2014 से 03/2016 |
| 3 | श्री जय प्रकाश | 03/2016 से लगातार |

**(ख) गम्भीर अनियमितता का सार:-** ग्राम पंचायत धार कंदरु के अवधि 1/4/2013 से 31/3/2016 के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:-

| क्र0 सं0 | पैरा संख्या | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | 5(ख) | बैंक समाधान विवरण तैयार न करने के कारण रोकड़ बही और बैंक खातों के अन्त शेष मे अंतर पाया जाना | 1.38 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 6 | पंचायत के खाता “ख” से अर्जित ब्याज की राशि को खाता “क” में अन्तरित न किया जाना | 0.07 |
| 3 | 7(क) | रोकड़ बही में लेखांकित प्राप्त आय के सम्बन्ध में रसीद इत्यादि जारी न किया जाना | 32.93 |
| 4 | 7(ख) | रोकड़ बही में लेखांकित की गई आय के सम्बन्ध में जारी रसीदों को आवश्यक जाँच हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत न किया जाना | 0.61 |
| 5 | 10 | दिनांक 31.03.2016 तक पंचायत राजस्व की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.28 |
| 6 | 11 | दिनांक 31.03.2016 तक अनुदानो का उपयोग न किया जाना | 20.36 |
| 7 | 12 | निर्माण कार्यों के प्राक्कलन तैयार किए बिना ही व्यय किया जाना | 5.34 |
| 8 | 13 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक स्टोर का क्रय करना | 6.10 |
| 9 | 14 | क्रय किए गए स्थाई एवं अस्थाई भण्डार की भंडारण पुस्तकों में प्रविष्टि न किया जाना | 1.51 |
| 10 | 15 | मस्टरोल भुगतान के संदर्भ में आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही भुगतान किए जाने बारे | 1.75 |
| 11 | 16 | रोकड़ बही में दर्शाये गए व्यय के संदर्भ में कोई भी अभिलेख/वाउचर प्रस्तुत न करने के कारण सम्भावित गबन | 0.70 |
| 12 | 17 | चौकीदार, सिलाई अध्यापिका एवं अन्यों को किए गए भुगतान के संदर्भ में आवश्यक उपस्थिति रजिस्टर इत्यादि न बनाये जाने बारे | 0.17 |

## 2 वर्तमान अंकेक्षण :-

ग्राम पंचायत धार कंदरु , विकास खण्ड ठियोग , जिला शिमला के अवधि 1/4/2013 से 31/3/2016 के लेखाओं का प्रथम एवं वर्तमान अंकेक्षण , श्री अनिल शर्मा , अनुभाग अधिकारी एवं श्री रविन्द्र सिंह, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 16.09.2016 से 20.09.2016 के दौरान ग्राम पंचायत कलीणडा मतियाना में किया गया। लेखाओं की विस्तृत जाँच हेतु आय एवं व्यय के लिए निम्न मासों का चयन किया गया, जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2013-14 | 02/2014 | 04/2013 |
| 2014-15 | 01/2015 | 04/2014 |
| 2015-16 | 02/2016 | 07/2015 |

इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु , स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग , हि.प्र. उत्तरदायी नहीं होगा।

## 3 अंकेक्षण शुल्क

ग्राम पंचायत धार कंदरु, विकास खण्ड ठियोग, जिला शिमला के अवधि 4/2013 से 3/2016 के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹8000/- बनता है। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि. प्र. शिमला-171009 को प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 220/2016 दिनांक 19.09.2016 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत, धार कंदरु से अनुरोध किया गया।

## 4 वित्तीय स्थिति

सचिव ,ग्राम पंचायत धार कंदरु द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार MG NREGA & Integrated Water Shed Project के अतिरिक्त प्राप्त अन्य अनुदानों और स्व: स्त्रोत की आय/व्यय को एक ही रोकड़ बही में लेखांकित किया गया है तथा साथ ही बैंक खातों में तदानुसार जमा करवाया गया है। इसके अतिरिक्त रोकड़ बही में लेखांकित आय व्यय के सम्बन्ध में Ledger Accounts नहीं बनाए गए है। Ledger Accounts नहीं बनाए जाने के कारण प्राप्त अन्य अनुदानों और स्व: स्त्रोत की आय, व्यय को अलग-अलग नहीं किया जा सका। ग्राम पंचायत के अवधि 4/2013 से 3/2016 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति का विस्तृत विवरण संलग्न **"परिशिष्ट- 1"** पर दिया गया है।

## 5 रोकड़ बही का बैंक खातों से मिलान न करना तथा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना

**(क)** ग्राम पंचायत धार कंदरु की रोकड़ बही के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था , जबकि हि. प्र. पंचायती राज (वित बजट लेखे,संकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7(3) व 10(1) के अनुसार पंचायतों की

रोकड़ बही का बैंक खातों से मिलान करना अनिवार्य था। अत: पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों का बैंक खाते से मिलान न करना नियमों के विरुद्ध होने के कारण अनियमित है। अत: इस अनियमितता के बारे में उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुये पंचायत की रोकड़ बहियों का बैंक खातों के साथ मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**(ख)** हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 केनियम 15(1) के अनुसार मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार करनी अनिवार्य है। अंकेक्षण में जाँच करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत धार कंदरु द्वारा अवधि 4/2013 से 3/2016 के दौरान मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण से दिनांक 31.03.2016 को रोकड़ बही और संबन्धित बैंक खातों के अंत शेष में ₹138536/- का अन्तर था। इस संदर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 217-218/2016 दिनांक 17.09.2016 के माध्यम से सचिव ग्राम पंचायत को इस अन्तर के कारणों को स्पष्ट करने बारे और इस अन्तर को समायोजित किए जाने बारे आग्रह किया गया था। इस बारे में सचिव ग्राम पंचायत द्वारा सूचित किया गया कि बैंक समाधान विवरण तैयार न किए जाने के कारण यह अंतर है जिसका बैंक समाधान विवरणी तैयार करके समाधान किया जायेगा । अत: नियमों की अवहेलना करके मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने बारे उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुये भविष्य में मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार की जानी सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त दिनांक 31.03.2016 को रोकड़ बही के अंत शेष और बैंक खातों के अंत शेष के निम्न विवर्णानुसार पाए गए अन्तर को प्राथमिकता के आधार पर समायोजित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| | |
|---|---|
| रोकड़बही के अनुसार तैयार की गई वित्तीय स्थिति के अनुसार दिनांक 31.03.2016 को अंतिम शेष (Note :- दिनांक 01.04.2013 को दर्शाये गए Opening Balance में रोकड़बही में लेखांकित Cash in hand के अतिरिक्त विभिन्न Bank Account Pass Books में दर्शाये गए Bank Balances को भी सम्मलित किया गया है।) | 2028793.56 |
| Detail of Bank Balances | |
| Cash in Hand | 16431.21 |
| Account No44410100033 of HPSC Bank | 1873826.35 |
| **Total** | **1890257.56** |

| Difference | 138536.00 |
|---|---|

6 **पंचायत के खाता “ख” से अर्जित ब्याज ₹0.07** लाख **की राशि को खाता “क” में अन्तरित न किया जाना**

हि. प्र. पंचायती राज (वित बजट लेखे ,संकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4(1) के अनुसार प्रतिवर्ष माह जनवरी तथा जुलाई में पंचायत द्वारा खाता **“ख”** में जमा राशि पर अर्जित ब्याज की राशि को पंचायत निधि के स्व: संसाधनों के खाता **“क”** में अन्तरित किया जाना अपेक्षित हैं। परन्तु अंकेक्षण में पंचायत के खातों की पड़ताल करने पर पाया गया कि अंकेक्षण अवधि के दौरान खाता **“ख”** में जमा राशि पर अर्जित ब्याज की ₹7700/- राशि को खाता **“क”** में अन्तरित नहीं किया गया था। अत: इस अनियमितता के बारे में उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुये , खाता **“ख”** में जमा राशि पर अर्जित ब्याज की राशि को खाता **“क”** में अन्तरित प्राप्त किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**अवधि 04/2013 से 03/2016 के दौरान खाता “ख” में जमा राशि पर अर्जित ब्याज की राशि का विवरण**

| Year | Name of GIA | Amount of Interest Earned |
|---|---|---|
| 2013-14 | MG Nerga | 5470.00 |
| | IWSDP | 0.00 |
| 2014-15 | MG Nerga | 1250.00 |
| | IWSDP | 0.00 |
| 2015-16 | MG Nerga | 380.00 |
| | IWSDP | 0.00 |
| | **Total** | **7100.00** |

7 **(क) रोकड़ बही में लेखांकित प्राप्त आय ₹ 32.93लाख के सम्बन्ध में रसीद इत्यादि जारी न किया जाना**

हि. प्र. पंचायती राज (वित बजट लेखे ,संकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 5 के अनुसार जब कभी भी पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार की आय प्राप्त की जायेगी उस स्थिति में सचिव द्वारा फार्म-3 में उस प्राप्ति के प्रतिफल में रसीद जारी किया जाना अपेक्षित था। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि **परिशिष्ट-2** में दिये गए विवरण अनुसार अवधि 04/2013 से 03/2016 के दौरान

₹3293396/- की प्राप्त आय के  प्रतिफल में सचिव द्वारा कोई रसीद जारी नहीं की गई थी। अत: इस अनियमितता के बारे में उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुये। प्राप्त आय के    प्रतिफल में रसीद जारी किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**(ख) रोकड़ बही में लेखांकित ₹0.61लाख की आय के सम्बन्ध में जारी रसीदों को आवश्यक जाँच हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत न किया जाना**

अंकेक्षण में जाँच करने पर पाया गया कि रोकड़ बही में ₹61196/- की आय लेखांकित की गई थी, परंतु आय के बदले जारी की गई रसीदों को आवश्यक जाँच हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, जिस कारण से इन रसीदों के द्वारा प्राप्त राशि की पूर्ण जाँच नहीं की जा सकी। अत: आय के सम्बन्ध में जारी रसीदों को आगामी अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| Date | CBPNo. | Amount | Remarks |
|---|---|---|---|
| 07/2013 | 124 | 13125 | Receipt No. 444501 to 444600 on Account of House Tax & Ration Card Fees. |
| | 125 | 26885 | Receipt no. 444601 to 444700 and 444801 to 444900 on Account of House Tax & Ration Card Fees |
| 12/2013 | | 17686 | Receipt No. 444792 on account of Cash Returned by Smt. Asha Verma |
| 30.12.2015 | 172 | 2000 | Receipt No. 69501 to 69520 on account of Certificate Fees |
| 31.03.2016 | 175 | 1500 | Receipt No. 69521 on account of Certificate Fees. |
| **Total** | | **61196** | |

**8 निर्धारित सीमा से अधिक नकद राशि का रखना**

पंचायत की रोकड़ बहियों के अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा **“परिशिष्ट -2A”** में दिये गए विवरणानुसार नकद राशि को निर्धारित सीमा से अधिक रखा गया था , जोकि हि. प्र. पंचायती राज (वित बजट लेखे ,संकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 10(3) के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। अत: नियमों के विपरीत हस्तगत राशि रखने का औचित्य स्पष्ट करते हुये भविष्य में नियमानुसार ही हस्तगत राशि का रखा जाना सुनिश्चित किया जाए।

**9 बजट प्राक्कलन तैयार न करना**

हि. प्र. पंचायती राज (वित बजट लेखे ,संकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 37 के अनुसार सचिव द्वारा फार्म-11 में पंचायत के आय व व्यय के प्राक्कलन तैयार करके ग्राम सभा से पारित करवाना अपेक्षित था। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के लिए पंचायत का बजट प्राक्कलन केवल मात्र ग्राम पंचायत की कार्यवाही पुस्तिका (Minutes Book of Gram Panchyat) में तैयार किया गया था एवं पंचायत के कार्यवाही रजिस्टर में पंचायत का अनुमोदन लेकर ही इसे पारित करवाया गया था। इस प्रकार सचिव द्वारा निर्धारित फार्म -11 पर बजट प्राक्कलन तैयार/अनुमोदित न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुये भविष्य में नियमानुसार बजट प्राक्कलन तैयार करना सुनिश्चित किए जाए।

**10 पंचायत राजस्व की ₹0.28लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना**

पंचायत की स्व स्त्रोतों से प्राप्त आय का संबन्धित उपलब्ध अभिलेख से अंकेक्षण करने पर पाया गया कि पंचायत द्वारा **परिशिष्ट-3** में दिये गए विवरणानुसार दिनांक 31.03.2016 तक राजस्व ₹0.28 लाख वसूली हेतु शेष थी। अत: उपरोक्त राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुये बकाया राशि की वसूली करनी सुनिश्चित की जाए।

**11 अनुदान की ₹20.36 लाख का उपयोग न करना**

पंचायत द्वारा अनुदानों और स्व: स्रोत्रों के सम्बन्ध में उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.03.2016 तक कुल ₹2036562.56 उपयोग हेतु शेष थे। विवरण **परिशिष्ट-4** पर दिया गया हैं। अत: अनुदानों की राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुये अनुदानों के व्यय हेतु सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से समय अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा राशि का प्रत्यार्पण संबन्धित संस्था को किया जाए।

**12 निर्माण कार्यों के प्राक्कलन तैयार किए बिना ही ₹5.34लाख का अनियमित व्यय करना**

हि. प्र. पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 94 के अनुसार ₹50000 से अधिक के कार्यों का निष्पादन प्रशासनिक अनुमोदन व तकनीकी स्वीकृति तथा

प्राक्कलन तैयार किए बिना नहीं किया जा सकता था। निर्माण कार्यों से संबन्धित व्यय वाऊचरों की जाँच करने पर पाया गया कि पंचायत द्वारा **"परिशिष्ट-5"** में दिये गए विवरणानुसार निर्माण कार्यों पर ₹534749/ का व्यय प्रशासनिक अनुमोदन व तकनीकी स्वीकृति तथा प्राक्कलन तैयार किए बिना ही किया गया, जोकि नियमों के अनुकूल न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। अत: निर्माण कार्यों पर किए गए व्यय को सक्षम अधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए अन्यथा किए गए व्यय की वसूली उचित स्त्रोत से करने के उपरांत अपेक्षित राशि पंचायत निधि में जमा करवाई जाए।

**13 औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹6.10लाख के स्टॉक/स्टोर का क्रय करना**

हि. प्र. पंचायती राज (वित बजट लेखे,संकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) द्वारा स्टॉक/स्टोर का क्रय करने की औपचरिकताए प्रावधित है। व्यय वाऊचरों के अंकेक्षण में पाया गया कि **"परिशिष्ट-6"** में दिये गए विवरणानुसार पंचायत द्वारा ₹610607/- के स्टॉक/स्टोर का क्रय औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया , जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। अत: स्टॉक/स्टोर का क्रय नियमानुसार न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुये इस अनियमितता को सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**14 क्रय किए गए ₹1.51लाख के स्थाई एवं अस्थाई भण्डार की भंडारण पुस्तकों में प्रविष्टियां न करना**

हि. प्र. पंचायती राज (वित बजट लेखे ,संकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1)(a,b,c एवं d) के अंतर्गत पंचायत द्वारा क्रय किए गए भण्डार को उसकी स्थाई एवं अस्थाई प्रकृति के अनुरूप फार्म 25 ,26,27 एवं 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित था। अंकेक्षण में विभिन्न क्रय की गई सामग्री की जाँच करने में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 4/2013 से 3/2016 के दौरान क्रय की गई ₹151669/- की विभिन्न मदों, जिनका विवरण **"परिशिष्ट-7"** में दिया गया है, को क्रय करने के उपरांत भण्डार पुस्तकों में दर्ज नहीं किया गया था , जिस बारे में स्थिति

स्पष्ट की जाए तथा इस संदर्भ में अपेक्षित कार्यवाई अमल में लाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**15 मस्टरोल भुगतान के संदर्भ में आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹1.75 लाख की राशि भुगतान किए जाने बारे :-**

अंकेक्षण में चयनित मासों के दौरान भुगतान किए गए विभिन्न निर्माण कार्यों से संबन्धित मस्टरोल जिनका पूर्ण विवरण निम्न दिया गया हैं के सम्बन्ध में मस्टरोल पर माप पुस्तिका , मजदूरों द्वारा किए गए कार्य का कोई भी विवरण नहीं दिया गया था। इस प्रकार मस्ट्रोल भुगतान के लिए आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण नहीं किया गया था। इस प्रकार इन सभी मस्ट्रोल भुगतानों की पूर्ण जाँच नहीं की जा सकी। अत: इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस संदर्भ में अपेक्षित कार्यवाई अमल में लाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| **Date** | **CBPNo.** | **Amount** | **Remarks** |
|---|---|---|---|
| 02/2014 | 133 | 15372 | Mustroll payment निर्माण सामुदायिक भवन धार। |
| 02/2014 | 133 | 30000 | Mustroll payment निर्माण सड़क केवकली से कटाइलतू नागज़ुबबड़। |
| 04/2014 | 139 | 29000 | भुगतान किया गया श्री कुलदीप वर्मा JCB 36 hrs. के लिए निर्माण Ambulance Road कनोला से गद्च |
| 04/2013 | 70(MG Nrega) | 35360 | Mustroll No. 1041 payment w.e.f 16.12.2012 to 29.12.2012 |
| Nil/03/2014 | 135 | 3110 | Mustroll payment for L/o Pipe Bata Nala to Gram Chaundal |
| Nil/03/2014 | 135 | 19400 | Mustroll payment for C/o Soiling Road from Kumali to Daiya |
| Nil/04/2014 | 140 | 24938 | Mustroll Payment for Repair of Road Kanola to Kiya Jubbad |
| Nil/04/2014 | 140 | 18554 | Mustroll Payment for Soiling Road Kumali to Diaya |
| **Total** | | **175734** | |

**16. रोकड़ बही में दर्शाये गए 0.70 लाख की राशि के व्यय के संदर्भ कोई विवरण न दिया जाना।**

हि.प्र. पंचायती राज (वित बजट लेखे , संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7 के अनुसार रोकड़ बही में दर्शाये गए व्ययों के संदर्भ में संक्षिप्त विवरण दिया जाना आवश्यक हैं। अंकेक्षण में रोकड़ बही की जाँच करने पर पाया गया कि रोकड़ बही के पृष्ठ सख्या 131 पर 78280/- का व्यय दर्शाया गया था। इस व्यय के संदर्भ में केवल 8280/- का विवरण ही रोकड़ बही में दिया गया था। जबकि शेष 70000/- का व्यय दर्शाया गया था परन्तु इस राशि के संदर्भ में कोई संक्षिप्त विवरण नहीं दिया गया था **(परिशिष्ट- 8)**। इसके अतिरिक्त 70000/- राशि के संदर्भ कोई बिल/वाऊचर इत्यादि अभिलेख में उपलब्ध नहीं था परिणामस्वरूप यह एक सम्भावित गबन का मामला लगता है। अत: इस अनियमितता बारे खंड विकास अधिकारी के द्वारा जांच उपरांत स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस संदर्भ में अपेक्षित कार्यवाई अमल में लाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**17 चौकीदार , सिलाई अध्यापिका एवं अन्यों को किए गए ₹0.17लाख के भुगतान के संदर्भ में आवश्यक उपस्थिति रजिस्टर इत्यादि न बनाये जाने बारे**

अवधि 4/2013 से 3/2016 के दौरान चौकीदार , सिलाई अध्यापिका एवं अन्यों को किए गए ₹17700/- के भुगतान की पड़ताल करने पर पाया कि इन सभी कर्मचारियों को मासिक आधार पर भुगतान किया गया था। जिसका विवरण निम्न दिया गया है , परन्तु जिस अवधि के लिए भुगतान किया गया था उस अवधि का उपस्थिति रजिस्टर नही बनाया गया था , जिसके कारण इस सभी कर्मचारियों को किए गए भुगतान की पूर्ण जाँच नहीं की जा सकी। अत: इस सम्बन्ध में नियमानुसार उचित छानबीन की जाए और वस्तुस्थिति से अभिलेख सहित आगामी अंकेक्षण के दौरान अवगत करवाया जाए अन्यथा भुगतान की गई राशि की वसूली उचित माध्यम से की जानी सुनिश्चित की जाए।

| Date | CBPNo. | Amount | Remarks |
|---|---|---|---|
| 04/2014 | 139 | 2700 | भुगतान किया गया पंचायत चौकीदार को परन्तु भुगतान अवधि का विवरण नहीं। |
| 04/2014 | 140 | 4950 | भुगतान किया गया पंचायत चौकीदार को w.e.f 01.01.2014 to |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 31.03.2014 |
| 04/2014 | 140 | 450 | भुगतान किया गया पंचायत चौकीदार Allowance को w.e.f 01.01.2014 to 31.03.2014 |
| 04/2014 | 140 | 9600 | भुगतान किया गया सिलाई अध्यापिका को w.e.f 10/2013 to 03/2014 |
| **Total** | | **17700** | |

## 18. विहित रजिस्टरों का रख-रखाव न करना

हि. प्र. पंचायती राज (वित बजट लेखे ,संकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 से 31 के अंतर्गत पंचायत द्वारा विभिन्न रजिस्टरों/अभिलेखों का रख-रखाव किया जाना अनिवार्य था। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न रजिस्टरों/अभिलेखों का रख-रखाव नहीं किया गया था, जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है। अत: नियमानुसार इन अभिलेखों व रजिस्टरों का रख-रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| क्रम संख्या | रजिस्टर /अभिलेख | फॉर्म संख्या | संदर्भित नियम |
|---|---|---|---|
| 1 | निवेश रजिस्टर | 1 | 12 |
| 2 | अस्थाई अग्रिमों का रजिस्टर | 9 | 30 |
| 3 | निर्माण कार्यों का रजिस्टर | | 103 |
| 4 | मासिक बैंक समाधान विवरणी | | 15(1) |
| 5 | विभिन्न अनुदानों के खाते(Ladgers) | 7 | 29(1) |
| 6 | क्लासीफाइड एबस्ट्रक्ट (Classified Abstract) | 8 | 29(4) |
| 7 | किराया माँग एवं प्राप्ति रजिस्टर | 10 | 33 व 77(4) |
| 8 | अनुदान रजिस्टर | 21 | 61(1) |
| 9 | डाक टिकट रजिस्टर | 24 | 61(2) |
| 10 | स्थाई एवं अस्थाई भण्डार रजिस्टर | 25 एवं 26 | 72(1) (a&b) |
| 11 | निर्माण कार्यों की तकनीकी स्वीकृति का रजिस्टर | 31 | 95(1) |

## 19 प्रत्यक्ष सत्यापन

हि. प्र. पंचायती राज (वित बजट लेखे ,संकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 73 के अंतर्गत पंचायत के भण्डार का प्रत्येक 6 माह बाद प्रत्यक्ष सत्यापन किया जाना अपेक्षित है , परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत प्रधान द्वारा भण्डार का नियमानुसार सत्यापन नहीं किया गया है, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस संदर्भ में अपेक्षित कार्यवाई अमल में लाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**20 विविध अनियमितताए**

**(क) रोकड़ बही का लेखांकन नियमानुसार न किया जाना**

हि. प्र. पंचायती राज (वित बजट लेखे ,संकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4 के अंतर्गत ग्राम पंचायत की प्राप्त आय और अनुदानों हेतु बैंक में दो खातों में जमा करवाया जायेगा। यह खाते पंचायत फ़ंड - A और पंचायत फ़ंड -B होगे। पंचायत फ़ंड - A में ग्राम पंचायत के स्व: स्रोत्र आय जमा होगी जबकि पंचायत फ़ंड -B में अनुदानों से संबन्धित आय जमा की जायेगी। सचिव , ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि ग्राम पंचायत की आय-व्यय और अनुदानों के लेखांकन हेतु निम्न रोकड़ बहियों का निर्माण किया गया है , तथा साथ ही प्राप्त स्व : स्रोत्र आय और विभिन्न अनुदानों को विभिन्न बैंक खातों में तदानुसार ही जमा करवाया गया था , जबकि उपरोक्त नियम के अनुसार दो बैंक खाते खोले जाने थे और पंचायत फ़ंड - A और पंचायत फ़ंड -B के अनुसार ही रोकड़ बही का लेखांकन किया जाना चाहिए था। अत: पंचायत फ़ंड - A और पंचायत फ़ंड -B के अनुसार ही रोकड़ बही का लेखांकन न किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस संदर्भ में अपेक्षित कार्यवाई अमल में लाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| | |
|---|---|
| General Cash Book | इस रोकड़बही में Own Sources और विभिन्न GIA (Other than Water Shed Grant, एवं MANGERGA) का लेखांकन किया गयाथा। |
| Cash Book for MG NAREGA | इस रोकड़बही में MG NAREGA से संबन्धित प्राप्ति एवं व्यय का लेखांकन किया गया था। |
| Cash Book for Integrated Water Shed Grant | इस रोकड़बही में Integrated Water Shed Grant से संबन्धित प्राप्ति एवं व्यय का लेखांकन किया गया था। |

उपरोक्त के अतिरिक्त ग्राम पंचायत धार कंदरु द्वारा हि.प्र. पंचायती राज (वित बजट लेखे , संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7 (1 से 3) के अनुसार वर्ष के अंत में रोकड़ बही में

हस्तगत राशि के साथ संबन्धित बैंक खातों का कोई विवरण नहीं दिया गया था। अत: सभी रोकड़ बहियों का निर्माण उपरोक्त वर्णित नियम 7 के अनुसार न किए बारे में स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस संदर्भ में अपेक्षित कार्यवाई अमल में लाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(ख) खाता बहियों (Ledgers) का निर्माण न किया जाना**

हि. प्र. पंचायती राज (वित बजट लेखे ,संकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29(1) के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा अपनी समस्त आय व्यय का लेखांकन रोकड़ बही के साथ फार्म -7 पर खाता बहियों में किया जाना अनिवार्य था, परंतु सचिव ग्राम पंचायत द्वारा सूचित किया गया कि प्राप्त आय व्यय के लेखांकन हेतु विभिन्न खाता बहियों ( Ledgers) का निर्माण नहीं किया गया था। अत: नियम 29(1) के अनुसार खाता बहियों का निर्माण न किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस संदर्भ में अपेक्षित कार्यवाई अमल में लाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(ग)** हि. प्र. पंचायती राज (वित बजट लेखे ,संकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29(4) के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा अपनी समस्त आय व्यय के वर्गीकरण हेतु फार्म -8 पर Classified Abstract का निर्माण किया जाना अनिवार्य था, परंतु सचिव ग्राम पंचायत द्वारा सूचित किया गया कि प्राप्त आय व्यय के वर्गीकरण हेतु फार्म -8 पर Classified Abstract का निर्माण नहीं किया गया था। Classified Abstract का निर्माण न किए जाने के कारण अंकेक्षण अवधि के दौरान प्राप्त आय और किए गए व्यय को बजट प्रावधानों के साथ मिलान नहीं किया जा सका। अत: नियम 29(4) के अनुसार Classified Abstract का निर्माण न किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस संदर्भ में अपेक्षित कार्यवाई अमल में लाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(घ)** ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कार्यों का निष्पादन करने हेतु हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 93(ए)(1) के अंतर्गत प्रतिभागी समिति (Participatory Committee) बनाए जाने का प्रावधान है। सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा सूचित किया गया कि अवधि 4/2013 से 3/2016 के दौरान इस प्रकार की कोई समिति ग्राम पंचायत धार कंदरु द्वारा नहीं बनाई गई थी। अत:93(ए)(1) के अंतर्गत प्रतिभागी समिति न बनाने के कारणों को स्पष्ट किया जाए तथा इस समिति का गठन यथाशीघ्र किया जाए।

**(ड़)** अंकेक्षण में जाँच करने पर पाया गया कि अवधि 4/2015 से 3/2016 के दौरान मनरेगा से संबन्धित प्राप्त अनुदानों और भुगतानों को रोकड़ बही में लेखांकित नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में सचिव ग्राम पंचायत द्वारा मौखिक रूप से अंकेक्षण को सूचित किया कि इस अवधि के दौरान समस्त लेन-देन जिलाधीश कार्यालय, शिमला/खण्ड विकास अधिकारी द्वारा सीधे तौर पर किया जाता है। अत: उपरोक्त वर्णित अवधि के दौरान रोकड़ बही का लेखांकन न किए जाने को न्यायोचित ठहराया जाए तथा साथ ही इस सम्बन्ध आवश्यक कार्यवाही शीघ्र अतिशीघ्र की जानी सुनिश्चित की जाए।

**(च)** ग्राम पंचायत की आय से संबन्धित विभिन्न अभिलेखों की पढ़ताल करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत धार कंदरु द्वारा आय संग्रह के लिए जारी रसीदों को स्टॉक रजिस्टर में लेखांकित नहीं किया गया था। इस प्रकार रसीद बुकों की स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि न किए जाने के कारण अंकेक्षण में इस तथ्य की पुष्टि नहीं की जा सकी कि अंकेक्षण अवधि के दौरान जारी की गई सभी रसीदों से प्राप्त आय को रोकड़ बही में लेखांकित किया गया था अथवा नहीं ? अत: आय संग्रह हेतु जारी की गई रसीदों को स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि न किए जाने को न्यायोचित ठहराया जाए साथ ही रसीदों को जारी करते समय इसकी स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि की जानी सुनिश्चित की जाए।

**21 लघु आपति विवरणिका** **:-** लघु आपत्ति विवरणिका अलग से जारी नहीं की गई है, लघु आपत्तियों का निपटारा अंकेक्षण के दौरान कर लिया गया।

**22 निष्कर्ष:-** लेखों मे सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता / —
(सतपाल सिंह)
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009.

पृष्ठांकन संख्याः— फिन(एल0ए0)एच(पंच)15(i) 32 / 2016—खण्ड—1—891—894 दिनाँकः09.02.2017 शिमला—171009,

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ / आवयक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

**पंजीकृत** 1 सचिव, ग्राम पंचायत धार कंदरू, विकास खण्ड ठियोग, तहसील ठियोग, जिला शिमला, (हि0प्र0), को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजना सुनिश्चित करें।

2 निदेशक, पंचायती राज विभाग हि0प्र0, कसुम्पटी, शिमला–171009 को पैरा संख्या 1 (ख) में वर्णित अनियमितताओं पर सम्बन्धित पंचायत सचिव को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी करने हेतु प्रेषित है।

3 जिला पंचायत अधिकारी, शिमला, तहसील ठियोग, जिला शिमला, हि0प्र0

4 खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड ठियोग, जिला शिमला, हि0प्र0

हस्ता/–
(सतपाल सिंह)
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.